आकाशवाणी केन्द्र शिमला

30.12.2024 / प्रादेशिकसमाचार / 11.00 बजे

प्रादेशिक समाचार

पीएम वेब समिट

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत पहली बार अगले वर्ष विश्व श्रव्य–दृश्य मनोरंजन शिखर सम्मेलन–वेव्स की मेजबानी करेगा। आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत की रचनात्मक प्रतिभा को विश्व के समक्ष रखने का यह महत्वपूर्ण अवसर होगा। मीडिया और मनोरंजन उद्योग की प्रमुख हस्तियों के साथ पूरे विश्व की रचनात्मक प्रतिभाएं इस अवसर पर भारत में एकत्र होंगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह शिखर सम्मेलन भारत को वैश्विक कंटेंट क्रिएशन केन्द्र बनाने की दिशा में महत्व्पूर्ण कदम साबित होगा। उन्होंने देश के युवाओं के उत्साह और सर्जनात्मक अर्थव्यस्था में उनके योगदान की सराहना की और इसे भारत के 50 खरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में महत्वपूर्ण बताया।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश सरकार युवाओं को नशे से दूर रखने और उन्हें खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए प्रयासरत हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने खेल गतिविधियों में भाग लेने वाले विद्यार्थियों के लिए डाइट मनी में वृद्धि की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजीव गांधी डे बोर्डिंग स्कूल शिक्षण संस्थानों के मानकों में उल्लेखनीय सुधार लाएंगे और ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों में जीवन की चुनौतियों का प्रभावी ढंग से सामना करने का आत्मविश्वास पैदा करेंगे।

निर्मला सीतारामन

वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन आज व्यापार और उद्योग जगत प्रमुखों के साथ बजट–पूर्व परामर्श करेंगी। आशा है कि बैठक के दौरान उद्योग जगत उपभोग बढाने के उपायों पर बल देगा। उपभोग सकल घरेलू उत्पाद का सबसे बडा घटक है जिससे वृद्धि दर को मजबूती मिलती है।

बस सेवा

किसान संगठनों द्वारा आज शंभू व खनौरी बॉर्डर पर किसान महा पंचायत की जा रही है और पंजाब बंद का ऐलान भी किया गया है। इसके मद्देनजर हिमाचल पथ परिवहन निगम द्वारा पंजाब बॉर्डर पर निरीक्षक तैनात किए गए हैं जो बसों के पंजाब में परिचालन पर नजर रखेंगे। निगम के प्रबंध निदेशक ने यात्रियों से पंजाब की यात्रा करने से पहले नजदीकी बस अड्डे से पंजाब जाने वाली बसों के बारे में जानकारी प्राप्त करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा पथ परिवहन निगम की सभी बस सेवाएं सामान्य तौर पर जारी रहेंगी।

## भूंडा महायज्ञ

शिमला जिला में रोहड़ू उपमंडल के तहत दलगांव में भूंडा महायज्ञ 2 जनवरी से 5 जनवरी तक आयोजित किया जा रहा है। जिला उपायुक्त अनुपम कश्यप ने महायज्ञ के आयोजन को लेकर तैयारियों का कल जायजा लिया। इस दौरान स्वास्थ्य सुविधाएं, अग्निशमन दल व ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर रणनीति बनाई गई।

## मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में आज मौसम साफ है। हालांकि बर्फबारी के बाद अभी भी ठंड का दौर जारी है। हिमपात के बाद प्रदेश के कई अंदरूनी मार्ग यातायात के लिए बाधित हैं जिन्हें बहाल करने का कार्य युद्ध स्तर पर जारी है। कुल्लू जिले में सोलंग नाला से अटल टनल की ओर जाने वाली सड़क व बंजार आनी राष्ट्रीय राजमार्ग जलोड़ी जोत पर बर्फ के कारण यातायात के लिए अवरूद्ध है। इसके अलावा किन्नौर जिले में भी कई मार्ग यातायात के लिए बाधित हैं।

इसके अलावा बर्फबारी के चलते चंबा जिले में 60 सड़क मार्ग अवरूद्ध हैं जबकि 118 बिजली के ट्रांसफार्मर बंद हैं। इस बीच मौसम विभाग ने आगामी दो दिनों में मौसम साफ रहने का अनुमान लगाया है।